विवरण—II

दिल्ली से एस० टी० डी० के साथ जोड़े गए नगरों की सूची

(क्रम स० 32 को छोड़कर दोनों ओर के लिए प्वाइन्ट-टू प्वाइन्ट) लेवल '8'

1.	अहमदाबाद 975
2.	अलीगढ़ 954
3.	अलवर 981
4.	अमृतसर 9183
5.	भिवानी 974
6.	भोपाल 977
7.	बुलन्दशहर 955
8.	देहरादून 935
9.	गुड़गांव 9227
10.	ग्वालियर 976
11.	हापुड़ 9112
12.	हिसार 983
13.	इन्दौर 978
14.	जयपुर 914
15.	जम्मू 9191
16.	जोधपुर 986
17.	कानपुर 951
18.	करनाल 984
19.	लखनऊ 952
20.	मेरठ 913
21.	मोदीनगर 9223
22.	मुरादाबाद 985
23.	मसूरी 93585
24.	मुजफ्फर नगर 956
25.	पानीपत 933
26.	पटना 972
27.	रोहतक 932
28.	सहारनपुर 982
29.	शिमला 9177
30.	सोनीपत 9226
31.	श्रीनगर 9194
32.	इगलैंड 900-44

(क्रम सं० 32 को छोड़कर दोनों ओर के लिए प्वाइन्ट-टू-प्वाइंट)

दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्रों के आबंटन से सम्बंधित विचाराधीन आवेदन

2742. **श्री सज्जन कुमार :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्रों के आबंटन से संबंधित कितने आवेदन-पत्र इस समय सरकार के विचाराधीन हैं ; और

(ख) इन आवेदन पत्रों पर कब तक विचार कर लिया जाएगा और इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना : (क) दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन आबंटन हेतु 1588 आवेदन बकाया हैं।

(ख) 1982-83 के दौरान इन आवेदनों को उत्तरोत्तर निपटाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कुछ एक्सचेंजों में सार्वजनिक टेलीफोन घर प्रदान करने हेतु पर्याप्त क्षमता नहीं है। इनका 1982-83 में उत्तरोत्तर विस्तार किया जाएगा।

दिल्ली के गांवों में रसोई-गैस की सुविधाएं

2743. **श्री सज्जन कुमार :** क्या **पेट्रोलियम रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) क्या यह सच है कि दिल्ली के गांवों में रसोई-गैस की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, और

(ख) यदि हां, तो दिल्ली के आस-पास के गांवों में यह सुविधा उपलब्ध कराने सम्बन्धी सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है ?